>

Title: Need to set up FM Radio Station in Latur city, Maharashtra-Laid.

श्री सुधाकर तुकाराम श्रृंगरे (लातूर): लातूर शहर में एक एफ एम रेडियो स्टेशन की स्थापना की मांग लम्बे समय से चली आ रही है । इस विषय को मैंने लोक सभा में भी उठाया है और सरकार को पत्र भी लिखा था । सूचना प्रसारण मंत्री मा. श्री प्रकाश जावडेकर का पत्र प्राप्त हुआ जिसमें उन्होंने बताया कि सरकार जनवरी, 2020 में फेस 3 योजना के अंतर्गत महाराष्ट्र के 8 शहरों सहित, देश भर में 100 एफ एम स्टेशन स्थापित करने जा रही है। परन्तु खेद का विषय है कि महाराष्ट्र में चयनित इन 8 शहरों में लातूर को शामिल नहीं किया गया है। इससे लातूर के लोगों की भावना को ठेस पहुंची है ।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि वह लातूर शहर में एक एफ एम रेडियो स्टेशन की स्थापना हेतु शीघ्रातिशीघ्र कार्रवाई कर वहां रेडियो स्टेशन की स्थापना सुनिश्चित की जाए ।